संपादकीय

# दो नावों की सवारी

जब टकराव बेहद तीखा हो गया हो, उस समय क्या दो नावों की सवारी लबे समय तक की जा सकती है? अमेरिकी अधिकारी दलीप सिंह के कहने का अंदाज भले आपत्तिजनक रहा हो, लेकिन ये बात सच है कि रूस आज की परिस्थितियों में चीन विरोधी कोई रुख नहीं ले सकता है।

भारत यात्रा पर आए वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी दलीप सिंह ने चेतावनी दी कि रूस पर अमेरिकी तरफ से लगाए प्रतिबंधों को नाकाम करने वाले उपाय अगर भारत ने अपनाए, तो इसके खराब नतीजे हो सकते हैं। लेकिन दलीप सिंह की यात्रा के एक दिन ही बाद नई दिल्ली आए रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने भारतीय नेताओं से अपनी बातचीत के बाद सार्वजनिक रूप से कहा कि पश्चिमी प्रतिबंधों से बचते हुए अपना कारोबार जारी रखने के लिए भारत और रूस जो भी संभव तरीके हों, उन्हें अपनाएंगे। भारत सरकार ने ना तो दलीप सिंह के बयान पर कोई औपचारिक प्रतिक्रिया दी, ना ही लावरोव के एलान पर। दरअसल, कूटनीति के जानकार इन दिनों यह देख कर हैरत में हैं कि भारत आए विदेशी नेताओं और अधिकारियों को भारत सरकार यहां खुल कर सार्वजनिक बयान देने के अवसर दे रही है। नई दिल्ली में रहते हुए किसी तीसरे देश के खिलाफ भी बयान दे रहे हैं। जबकि अतीत मे चलन यह था कि भारत अपनी मंच का किसी दूसरे देश को इस तरह इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं देता था।

बहरहाल, लावरोप के बयान के साथ ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ये टिप्पणी भी छपी कि अगर कहीं से सस्ता तेल खरीदने से भारतीय जनता को राहत मिलती है, तो हमारी सरकार ऐसा क्यों नहीं करेगी? एक टीवी इंटरव्यू के दौरान की गई इस टिप्पणी को लावरोव के बयान की पुष्टि के रूप में देखा जा सकता है। तो कुल मिला कर भारत उन देशों में शामिल दिख रहा है, जो पश्चिमी वित्तीय प्रतिबंधों को अनदेखी करते हुए रूस के साथ सामान्य कारोबार जारी रखने के प्रयास में जुटे हुए हैं। मगर इसके साथ ही भारत अमेरिका और अन्य देशों के गुड बुक में भी रहना चाहता है। अगर इनसे भारत के हित सधते हों, तो इन दोनों ही बातों में कोई बुराई नहीं है। लेकिन प्रश्न है कि जब टकराव बेहद तीखा हो गया हो, उस समय क्या दो नावों की सवारी लबे समय तक की जा सकती है? दलीप सिंह के कहने का अंदाज भले आपत्तिजनक रहा हो, लेकिन ये बात सच है कि रूस आज की परिस्थितियों में चीन विरोधी कोई रुख नहीं ले सकता है। ऐसे में अगर भारत नए बन रहे समीकरण में चीन के साथ रिश्ते मजबूत करे, तब तो बात दीगर है। वरना, आधी-अधूरी रणनीति आगे चल कर नुकसान का सौदा साबित हो सकती है।

# अडानी पावर के शेयरों को खरीदने की मची होड़, आज 10% तक उछला शेयर



**नई दिल्ली ।** गौतम अडानी की पावर कंपनी अडानी पावर के शेयर इन दिनों उड़ान भर रहे हैं। कंपनी के शेयरों में जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है। पिछले कुछ ट्रेडिंग सेशंस में अडानी पावर के शेयर लगातार अपर सर्किट को हिट कर रहा है। आज मंगलवार को भी यह शेयर अपर सर्किट को हिट किया और करीबन 10 पर्सेंट की तेजी के साथ 232.90 रुपये पर बंद हुआ है। इससे पहले सोमवार को कंपनी के शेयर 211.75 रुपये पर बंद हुए थे। बताया जा है कि इसके पीछे कई वजह हैं, इनमें एक बड़ी वजह ब्लॉक डील भी है। दरअसल, एक रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनी ने करीब 32 लाख शेयर या 0.2 फीसदी इक्विटी के लिए एक ब्लॉक डील किया है। हालांकि, अभी यह क्लियर नहीं है कि खरीदार या विक्रेता कौन हैं और न ही इस बारे में अधिक जानकारी दी गई है लेकिन इस खबर के आते ही शेयरों को खरीदारी बढ़ गई।

**अडानी पावर को मिला राजस्थान डिस्कॉम से 3,000 करोड़ रुपये का बकाया-** इसके अलावा ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अडानी पावर को राजस्थान की राज्य के स्वामित्व वाली बिजली वितरण कंपनियों से हाई ईंधन लागत के मुआवजे के रूप में ब्याज के साथ 3,000 करोड़ रुपये का बकाया मिला है। 25 फरवरी को, सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान डिस्कॉम को चार सप्ताह के भीतर ब्याज के साथ 3,048.63 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा, जिसमें विफल रहने पर डिस्कॉम अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से पेश होना था। सूत्रों के मुताबिक, 31 मार्च की सुनवाई में अडानी पावर ने अदालत को सूचित किया कि राजस्थान डिस्कॉम ने 30 मार्च को कंपनी को 3,000 करोड़ रुपये का भुगतान किया है।

**एस्सार पावर का किया टेकओवर-** अडानी पावर ने हाल ही में एस्सार पावर की मध्य प्रदेश के महान में 1,200 मेगावॉट क्षमता की बिजली परियोजना का टेकओवर किया है। अडानी पावर ने कहा था कि उसने ने एस्सार पावर एमपी लि. (ईपीएमपीएल) की 100 प्रतिशत चुकता शेयर पूंजी और प्रबंधन नियंत्रण का अधिग्रहण पूरा कर लिया है।'' ईपीएमपीएल के पास मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में 1,200 मेगावॉट क्षमता की तापीय बिजली प्लांट है। इतना ही नहीं कंपनी ने यह भी कहा था कि वह मुंद्रा में एपीएमयूएल के बिजली प्लांट में लिक्विड अमोनिया के उपयोग के साथ प्रयोग कर रही है। इसके अलावा अडानी पावर में अडानी ग्रुप के 6 सब्सिडियरी का वियल किया जा रहा जिससे अडानी पावर और ज्यादा मजबूत कंपनी के रूप में उभरेगी। इन तमाम खबरों के बीच अडानी पावर के शेयर लगातार तेजी से भाग रहे हैं।

**एक महीने में 100प्रतिशत का रिटर्न-** अडानी पावर के शेयर आज अपने 52 सप्ताह के हाई लेवल पर पहुंच गया है। स्टॉक को बहुत बारीकी से ट्रैक किया जा रहा है। यह शेयर इस साल अब तक 130.11प्रतिशत का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। एक महीने में यह शेयर 100.17प्रतिशत उछला है। वहीं, पिछले पांच ट्रेडिंग सेशंस में इस शेयर में 39.04प्रतिशत तक की तेजी देखी जा रही है।

# फोन पे कर्मचारियों की संख्या दोगुनी करेगी, कई शहरों पर रहेगा फोकस




**नई दिल्ली।** डिजिटल भुगतान मंच फोनपे देश भर में अपने कुल कर्मचारियों की संख्या दिसंबर, 2022 तक दोगुनी कर 5,400 करेगी। कंपनी के कर्मचारियों की संख्या फिलहाल 2,600 है। फोनपे ने मंगलवार को कहा, कंपनी अगले 12 महीनों में बेंगलुरु, पुणे, मुंबई, दिल्ली और देश के दूसरे हिस्सों में विभिन्न पदों पर लगभग 2,800 लोगों को नियुक्ति करने की योजना बना रही है।

ये नियुक्तियां इंजीनियरिंग, उत्पाद, विश्लेषण, कारोबार विकास और बिक्री दल से जुड़े पदों पर की जएंगी। कंपनी का दावा है कि उसके यहां नौकरी छोड़ने की दर कम है क्योंकि वह अपने कर्मचारियों को बाजार मानक से अधिक वेतन पैकेज प्रदान करती है। साथ ही कर्मचारी शेयर स्वामित्व योजना (ईएसओपी) के माध्यम से सभी कर्मचारियों को धन सृजन का अवसर भी देती है। फोनपे के मानव संसाधन प्रमुख मनमीत संधू ने कहा, हम एक दीर्घकालिक स्थायी संगठन का निर्माण कर रहे हैं, जो प्रौद्योगिकी पर आधारित है और सभी के लिए मूल्य सृजन कर रहा है...।

# मजबूत शुरुआत के बाद लडख़ड़ाया शेयर बाजार, सेंसेक्स 435 अंक टूटकर बंद

**नई दिल्ली ।** भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को बिकवाली का माहौल रहा। सप्ताह के दूसरे कारोबार दिन सेंसेक्स 435 अंक या 0.72 फीसदी टूटकर 60,176 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी की बात करें तो 96 अंक या 0.53 फीसदी लुढक़कर 17,957 अंक पर ठहरा। बीएसई इंडेक्स पर टॉप 30 स्टॉक्स में एनटीपीसी टॉप गेनर रही। इस कंपनी का शेयर भाव 3 फीसदी से ज्यादा बढ़त के साथ बंद हुआ। इसके अलावा पावर ग्रिड में 2.48 फीसदी की बढ़त रही। आईटीसी, टाइटन, टीसीएस के स्टॉक में भी एक फीसदी से ज्यादा की तेजी रही। गिरावट वाले शेयरों की बात करें तो एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी और कोटक बैंक में 2 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा रिलायंस, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस और विप्रो में भी एक फीसदी से ज्साद की गिरावट रही।

# 15 रुपये से 190 पर पहुंचा फिनोटेक्स का स्टॉक, आशीष कचौलिया ने लगाया है बड़ा दांव

**नई दिल्ली।** एक केमिकल स्टॉक ने दो साल में ही निवेशकों को मालामाल कर दिया है। यह फिनोटेक्स केमिकल का शेयर है। कंपनी के शेयर 2 साल में ही 15 रुपये के स्तर से 190 रुपये के पार पहुंच गए हैं। फिनोटेक्स केमिकल के शेयरों ने पिछले एक साल में 195 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न इनवेस्टर्स को दिया है। दिग्गज इनवेस्टर आशीष कचौलिया ने इस स्मॉलकैप केमिकल स्टॉक में बड़ी हिस्सेदारी ली है।

**1 लाख रुपये के बन गए 12 लाख रुपये से ज्यादा-** फिनोटेक्स केमिकल के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में 27 मार्च 2020 को 15 रुपये के स्तर पर थे। कंपनी के शेयर 5 अप्रैल 2022 को एनएसई में 191 रुपये के स्तर पर ट्रेड कर रहे हैं। अगर किसी व्यक्ति ने 2 साल पहले कंपनी के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते तो मौजूदा समय में यह पैसा 12.73 लाख रुपये के करीब होता। यानी, सिर्फ 2 साल में ही 1 लाख रुपये के निवेश पर 11 लाख रुपये से ज्यादा का फायदा होता।

दिग्गज इनवेस्टर आशीष कचौलिया ने स्मॉलकैप स्टॉक फिनोटेक्स केमिकल में 31 मार्च 2022 को खत्म हुई तिमाही के दौरान हिस्सेदारी खरीदी है। फिनोटेक्स केमिकल की तरफ से फाइल किए गए हालिया शेयरहोल्डिंग पैटर्न के मुताबिक, कचौलिया के पास कंपनी के 20,42,534 शेयर या 1.84 फीसदी हिस्सेदारी है। दिसंबर 2021 तिमाही के आखिर में कचौलिया का नाम कंपनी के प्रमुख शेयरधारकों में नहीं था। पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही खत्म होने के बाद से चौथी तिमाही खत्म होने तक कंपनी के शेयरों में 30 फीसदी से ज्यादा का उछाल आया है। कंपनी के शेयर 138.45 रुपये से बढक़र 180.10 रुपये पर पहुंच गए हैं।

# टाटा ग्रुप की कंपनी टीटीएमएल के शेयरों की ऊंची उड़ान, एक लाख रुपये को बना दिया 61 लाख




**नई दिल्ली।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा टेलीसर्विसेज लि. के शेयरों में एक साल पहले पैसा लगाने वाले निवेशक मालामाल हो गए हैं। एक साल में इस टेलीकॉम कंपनी टीटीएमएल ने 1207 फीसद का रिटर्न दिया है। यानी एक साल पहले जिसने भी एक लाख रुपये इसमें लगाए होंगे, उसका एक लाख 13 लाख 7000 रुपये हो गया होगा। क्योंकि, एक साल पहले इसकी कीमत 10.45 रुपये थी। बता दें 11 जनवरी को टीटीएमएल का शेयर अपने ऑल टाइम हाई 290.15 रुपये पर बंद हुआ था।

**एक महीने पहले लोग हुए थे कंगाल-** आठ मार्च को यह स्टॉक 93.40 रुपये पर आ गया था और आज अपर सर्किट (5.00प्रतिशत) के साथ एनएसई पर 183.75 रुपये पर है। बता दें यह स्टॉक 290.15 रुपये से 93.40 रुपये तक लुढक़ने के बाद पिछले कई सत्रों से अपर सर्किट के साथ कारोबार कर रहा है।

**तीन साल में 6025 फीसद का रिटर्न-** वैसे तो पिछले एक हफ्ते में इस स्टॉक ने 15.42 फीसद रिटर्न दिया है, लेकिन एक महीने पहले इसमें, जिसने भी पैसा लगाया होगा और आज तक इस स्टॉक में बना है, तो उसे 78.92 फीसद का रिटर्न मिल रहा है। हालांकि, 3 महीने पहले टीटीएमएल के शेयर खरीदने वाले अभी 19.21 फीसद के नुकसान में हैं, जबकि 3 साल में इसने 6025. फीसद का रिटर्न दिया है। यानी तीन साल पहले इस स्टॉक में एक लाख रुपये लगाने वाले निवेशकों का पैसा अब उछलकर 61.25 लाख हो गया है।

35921 करोड़ रुपये की मार्केट कैपिटल वाली टाटा ग्रुप की इस कंपनी के शेयरों में पैसा लगाने वाले निवेशक करीब एक महीने पहले तक मायूस थे। कंपनी का तिमाही परिणाम आने के बाद इस स्टॉक में लगातार लोअर सर्किट लगता रहा।

# आईसीसी का नया चेयरमैन बनने के लिए सौरव गांगुली और जय शाह आए आमने-सामने



**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) चेयरमैन पद के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मौजूदा अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह के बीच मुकाबला हो सकता है। आईसीसी के मौजूदा चेयरमैन ग्रेग बार्कले अपना कार्यकाल आगे नहीं बढ़ाना चाहते हैं। बार्कले नवंबर 2020 में आईसीसी के अध्यक्ष बने थे। उन्होंने भारत के शशांक मनोहर की जगह ली थी, जिन्होंने जुलाई 2020 में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

बीसीसीआई अध्यक्ष गांगुली और सचिव जय शाह दोनों ही आईसीसी के अगले अध्यक्ष बनना चाहते हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि गांगुली और शाह आईसीसी के नए अध्यक्ष बनने की रेस में आगे हैं। इन दोनों में से अगर कोई भी आईसीसी के अगले अध्यक्ष बनते हैं तो वे भारत से पांचवें ऐसे अधिकारी होंगे, आईसीसी के शीर्ष पद पर काबिज होंगे। इससे पहले, जगमोहन डालमिया (1997-2000), शरद पवार (2010-2012), एन श्रीनिवासन (2014-2015) और शशांक मनोहर (2015-2020) इस पद काबिज हो चुके हैं।

आईसीसी के मौजूदा चेयरमैन बार्कले ऑकलैंड में व्यावसायिक वकील हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पेशेवर प्रतिबद्धता को देखते हुए बार्कले अपने कार्यकाल को आगे नहीं बढ़ाना चाहते हैं और ऐसे में नवंबर 2022 में आईसीसी को नया अध्यक्ष मिल सकता है। आईसीसी अध्यक्ष का चयन दो साल के किया जाता है और इसे छह साल से ज्यादा आगे नहीं बढ़ाया जा सकता।

# अप्रैल 14 को बॉक्स ऑफिस पर होगा महाक्लेश, जर्सी की सफलता पर संदेह




हाल ही में प्रदर्शित हुई आरआरआर की सफलता ने आगामी 14 अप्रैल को प्रदर्शित होने वाली दक्षिण भारत की दो फिल्मों को लेकर दर्शकों में इस बात की जिज्ञासा पैदा कर दी है कि क्या ये फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कामयाब होंगी या फिर इनका वही हश्र होगा जो प्रभास अभिनीत राधेश्याम का हुआ है। जिस तरह से दर्शक 14 अप्रैल को प्रदर्शित होने वाली निर्देशक प्रशांत नील फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 का इंतजार कर रहे हैं, उसी तरह से वे कोविड-19 के माहौल में ब्लॉकबस्टर फिल्म मास्टर देने वाले थलापति विजय की बीस्ट का भी इंतजार कर रहे हैं। यह दोनों फिल्म 14 अप्रैल को आमने-सामने होने जा रही हैं। केजीएफ-2 का प्रचार इन दिनों जोरों पर है। दर्शक भी बड़े परदे पर यश यानी रॉकी भाई को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म को लेकर कहा जा रहा है कि अभिनेता यश ने केजीएफ-2 के लिए अपनी फीस को दोगुना कर दिया है। निर्माताओं ने भी सहर्ष इसको कबूल करते हुए उनको दोगुना भुगतान दिया है। वे इस बात को लेकर निश्चिंत हैं कि उनकी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तूफान लाने में सफल होगी।

# रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल में हुई रश्मिका मंदाना की एंट्री



हाल में रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल से अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा बाहर हुई हैं। शूटिंग शुरू होने से पहले परिणीति ने फिल्म से किनारा कर लिया। ऐसी चर्चा है कि उन्होंने इम्तियाज अली की फिल्म में काम करने के लिए एनिमल छोड़ दी। अब सुनने में आ रहा है कि एनिमल में परिणीति की जगह साउथ अदाकारा रश्मिका मंदाना की एंट्री हो गई है। वह पहली बार अभिनेता रणबीर के साथ नजर आएंगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, रणबीर की एनिमल में रश्मिका को शामिल किया गया है। खबरों की मानें तो उन्होंने फीमेल लीड भूमिका निभाने के लिए फिल्म साइन कर ली है। वह फिल्म में रणबीर की पत्नी की भूमिका निभाएंगी, जिसे पहले परिणीति निभाने वाली थीं।

## आज का राशिफल

***मेष:*** आज जल्दीबाजी में कोई कदम या निर्णय न लें, क्योंकि ऐसा करने से बाद में पछताना पड़ सकता है। दिन पूरा होने पर सबकुछ आपके पक्ष में होगा।

***वृष:*** आज भाग्य के भरोसे बैठे रहने से हमें कोई विशेष लाभ होने वाला नहीं है। आपके गलत दिशा में जाने की संभावना है। इसके कारण आपको अधिक गलत होता हुआ लगेगा।

***मिथुन:*** आप अपनी भावनाओं पर क़ाबू रखने में दिक्कत महसूस करेंगे। आपका अजीब रवैया लोगों को भ्रमित करेगा, इसलिए आपमें झुंझलाहट पैदा होगी। छोटे भाई-बहन आपसे राय मांग सकते हैं।

***कर्क:*** आपका तनाव काफ़ी हद तक ख़त्म हो सकता है। पैसा अचानक आपके पास आएगा, जो आपके ख़र्चों और बिल आदि को संभाल लेगा। कई लोग होंगे, जो आपका उत्साह बढाएंगे।

***सिंह:*** जीवन में आज कुछ अलग और असाधारण करके बताने की इच्छा प्रबल बनेगी। पूरे दिन आपका मूड बहुत अच्छा रहेगा। आपका उत्साह आपको सफलता का सोपान पार कराएगा। ग्रह आपके पक्ष में हैं । इसलिए चुनौती स्वीकार करने से इनकार न करें।

***कन्या:*** आज आप दैनिक कार्यों में उलझे रहेंगे और उस पर विशेष ध्यान देंगे । विदेश से किसी संबंधी या मित्र का समाचार मिलेगा तथा उनसे लाभ होगा। धन खर्च अत्याधिक न हो जाय, इसका ध्यान रखें।

***तुला:*** प्रेम का माधुर्य और प्रिय व्यक्ति की निकटता पाने के लिए आज अनुकूल दिन है। शाम का समय प्रियतमा के साथ किसी होटल रेस्तरां या पार्टी में आनंदपूर्वक बिताएंग। मानसिक रूप से स्फूर्तिपूर्ण दिन होगा।

***वृश्चिक:*** आज आपकी शक्ति और ऊर्जा गलत जगह बर्बाद न हो जाय, उसका ध्यान रखना पड़ेगा। वैसे तो आप अत्यधिक संवेदनशील नहीं है, परंतु ग्रहों की प्रतिकूल परिस्थिति के कारण आपके जोश उत्साह में कमी आ सकती है।

***धनु:*** आज के चुनौतीपूर्ण दिन आप महत्त्वपूर्ण कार्य हाथ में ले सकते हैं। इन कार्यों में आपको सफलता मिलेगी और प्रगति भी होगी। आज का दिन आशावादी और आनंददायक होगा। व्यापार में अचानक धनलाभ हो सकता है।

***मकर:*** व्यावसायिक क्षेत्र में आपको ढेर सारे अवसर प्राप्त होंगे। आप दोनों हाथ से इन अवसरों को पकडक़र जीवन में प्रगति कर सकते हैं । आपके लिए आज का दिन लाभदायक है । प्रेमी के साथ कहीं घूमने जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

***कुंभ:*** क़ुदरत ने आपको आत्मविश्वास और तेज़ दिमाग़ से नवाज़ा है, इसलिए इनका भरपूर इस्तेमाल कीजिए। आज यार दोस्तों के साथ पार्टी में आप खूब पैसे लुटा सकते हैं, लेकिन इसके बावजूद भी आपका आर्थिक पक्ष आज मजबूत रहेगा। सहकर्मियों और वरिष्ठों के पूरे सहयोग के चलते दफ़्तर में काम तेज़ रफ़्तार पकड़ लेगा।

***मीन:*** आज लाभ या आय कम और खर्च दोगुना हो सकता है। पैसे के मामले में आपको अधिक सावधानी रखनी पड़ेगी। नए कार्य, सौदे या उद्घाटन करने के लिए शुभ दिन नहीं है।

# गर्मियों में सफर के दौरान बनाएं 'सत्तू कचौड़ी'



सफर के दौरान अगर आप भी पूड़ी-सब्जी खाने के लिए रखते हैं तो गर्मियों में सब्जी बहुत जल्दी खराब हो जाती है। ऐसे में सत्तू की कचौड़ी बेस्ट है। जो टेस्टी भी होती है और खराब भी नहीं होती।

## सामग्री :

**कचौड़ी के लिए-** 2 कप आटा, 3/4 टीस्पून नमक, तेल। **पिट्ठी के लिए-** 3/4 कप सत्तू, 1 चुटकी हींग, 2 चुटकी साबुत जीरा, 3/4 टीसपून लाल मिर्च पाउडर, 1 टीस्पून धनिया, 3/4 टीस्पून सौंफ, 1/4 टीस्पून गरम मसाला, 1/4 टीस्पून अमचूर पाउडर, 1 टीस्पून अदरक कटा हुआ, 2-3 हरी मिर्च बारीक कटी, थोड़ा सा हरा धनिया बारीक कटा, स्वादानुसार नमक, टेबलस्पून तेल

## विधि :

- आटे में नमक एवं टेबलस्पून तेल मिलाकर अच्छी तरह मसलें और पानी से आटा गूंध लें। आटा बिल्कुल वैसा ही गूंधे, जैसा रोटी बनाने के लिए तैयार करती हैं। इसे 20 मिनट के लिए ढककर रख दें। कड़ाही में 3 टेबलस्पून तेल गरम करें। इसमें हींग, जीरा डालें। दोनों चीज़ें जब अच्छी तरह चटक जाए, तो अदरक, हरी मिर्च डालें। इसके बाद सत्तू, धनिया व सौंफ डालकर धीमी आंच कर भूनें। सत्तू का रंग बदलने पर लाल मिर्च, गरम मसाला, अमचूर पाउडर एवं नमक मिलाएं और ठंडा होने पर हरा धनिया मिला दें। पूड़ी की लोई के बराबर आटे की लोई लें और उतनी ही पिट्ठी की गोली बनाएं। अब लोई को बीच से दबाकर कप का आकार दें और उसमें पिट्ठी की गोली रखकर सावधानी से बंद कर दें। फिर अंगुलियों की सहायता से इसे थोड़ा फैला लें। इसी तरह सब कचौड़ियां बना लें। तेल गर्मकर मध्यम-धीमी आंच पर अलट-पलट कर लाइट ब्राउन होने तक कचौड़ियां सेंक लें।


# शब्द सामर्थ्य- 33

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छ: ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 032 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | | | स |
| ट | | भ | ला | ई | | अ | स | म |
| ना | म | | | स | मा | धि | | झ |
| | ज | | बे | | न | का | र | ना |
| बा | बू | | आ | य | क | र | | |
| | र | की | ब | | | | प्र | था |
| ज | | | रू | प | क | | ज | न |
| हा | | पा | | ना | म | ची | न | |
| ज | हां | प | ना | ह | | ता | न | ना |

# सू-दोकू- 33

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.032 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |